अध्यापकों के लिए सूचनाएँ
Instructions

कक्षा : सातवीं (VII)

1. प्रस्तुत प्रश्न-पत्र 'नमूना प्रश्न-पत्र' मात्र ही है।

2. इस प्रश्न-पत्र में सातवीं कक्षा के लिए निर्देशित सात कौशलों के आधार पर प्रश्न पूछे गये हैं।

3. खंड (1) सुनो-बोलो शैक्षिक मापदंड के अंतर्गत अध्यापक चार मौखिक प्रश्न पूछेंगे। प्रश्न-पत्र में चार प्रश्न दिये गये हैं। इन चार प्रश्नों को एक ही मापदंड के अंतर्गत एक ही भाग में लेना चाहिए। ये प्रश्न नमूना मात्र हैं। पाठ के आधार पर छात्रों के स्तर के अनुसार अध्यापक ऐसे और प्रश्न पूछ सकते हैं।

4. अध्यापक प्रत्येक भाग में चार प्रश्न दें, तो उन्हें ग्रेडिंग करने में सुविधा होगी।

5. यदि छात्र एक भाग में चार में से 4 के उत्तर देता है, तो उसे "A+" **ग्रेड, 3 के उत्तर देता है, तो "A" ग्रेड, दो के उत्तर देता है, तो "B+" ग्रेड, एक का उत्तर देता है, तो "B" ग्रेड और किसी भी प्रश्न का उत्तर न दे सके, तो उसे "C" ग्रेड देना चाहिए।**

6. खंड (2) पढ़ो शैक्षिक मापदंड को तीन भागों में विभाजित किया गया है - 'अ', 'आ' व 'इ'। तीनों ही भागों में चार-चार प्रश्न पूछे गये हैं। 'अ' भाग में मौखिक प्रश्न दिये गये हैं। इसे अध्यापक मौखिक परीक्षा के समय पूछेंगे। भाग 'आ' व 'इ' में जो प्रश्न दिये गये हैं, उनकी कागज़-कलम परीक्षा (Paper-PencilTest) द्वारा जाँच करनी चाहिए। 'अ', 'आ' व 'इ' भागों को अलग-अलग ऊपर दिये गयी सूचना पाँच के आधार पर ग्रेडिंग प्रदान करेंगे तथा तीनों भागों के ग्रेड जोड़कर उस खंड का ग्रेड निर्धारण करना चाहिए।

7. खंड (3) लिखो मापदंड में केवल चार प्रश्न पूछे गये हैं। यह पूर्णतः लिखित परीक्षा है। इसमें प्रश्नवार ग्रेडिंग प्रदान करें। प्रश्नवार ग्रेडिंग के योग से उस खंड का ग्रेड निर्धारण करें।

8. खंड (4) शब्द-भंडार शैक्षिक मापदंड दो भागों में बाँटा गया है। यह भी पूर्णतः लिखित परीक्षा है। इसका ग्रेड निर्धारण ऊपर दी गयी सूचना संख्या पाँच के अनुसार करें।

9. खंड (5) भाषा की बात शैक्षिक मापदंड दो भागों में बाँटा गया है। यह भी पूर्णतः लिखित परीक्षा है। इसका ग्रेड निर्धारण ऊपर दी गयी सूचना संख्या पाँच के अनुसार करें।

10. खंड (6) प्रशंसा शैक्षिक मापदंड में केवल एक ही प्रश्न पूछा गया है। यह पूर्णतः मौखिक परीक्षा है। इसका ग्रेड निर्धारण प्रश्न के आधार पर करें।

11. खंड (7) सृजनात्मक अभिव्यक्ति शैक्षिक मापदंड में केवल एक ही प्रश्न पूछा गया है। यह पूर्णतः लिखित परीक्षा है। इसका ग्रेड निर्धारण प्रश्न के आधार पर करें।

उत्तर पत्रों का मूल्यांकन ग्रेडिंग

अध्यापक उत्तर पत्रों का मूल्यांकन 5 पाइंट स्केल के अनुसार करें। अध्यापक को चाहिए कि वे हर शैक्षिक मापदंड के प्रश्नों को **A+/A/B+/B/C** ग्रेड देना चाहिए। इन ग्रेडों के मूल्य का निर्धारण निम्न लिखित तालिका के द्वारा करना चाहिए।

ग्रेड (श्रेणी)	**ग्रेड (श्रेणी) का मूल्य (से-तक)**	**ग्रेडों (श्रेणी) की जानकारी**	**मूल्य**
''C'' ग्रेड	0 से 0.5 तक	अनिवार्य रूप से सहायता की आवश्यकता है। Need Help	0
''B'' ग्रेड	0.6 से 1.5 तक	औसत Fair	1
''B+'' ग्रेड	1.6 से 2.5 तक	संतोषजनक Good	2
''A'' ग्रेड	2.6 से 3.5 तक	उत्तम Excellent	3
''A+'' ग्रेड	3.6 से 4.0 तक	अत्युत्तम Out Standing	4

छात्रों द्वारा लिखे गये उत्तरों को ग्रेड देना चाहिए। तत्पश्चात ग्रेडों का मूल्य निर्धारण करना चाहिए। मूल्य निर्धारण के कुल योग को प्रश्न की संख्या से विभाजित (Division) करना चाहिए। परिणाम के अनुसार शैक्षिक मापदंड में **A+/A/B+/B/C** ग्रेड देना चाहिए। एक उदाहरण नीचे दिया जा रहा है, ध्यान से देखिए।

शैक्षिक मापदंडवार ग्रेडः

उदाहरणः मान लीजिए खंड-2 पढ़ो शैक्षिक मापदंड के अंतर्गत 'अ', 'आ' व 'इ' प्रश्न दिये गये हैं। यदि इन तीन भागों को **A+, B+, B,** ग्रेड आते हैं, तो उसे इस तरह करना चाहिए-

क्र.सं.	**प्राप्त ग्रेड**	**ग्रेड का मूल्य**	**शैक्षिक मापदंड का ग्रेड**
अ	A+	4	कुल ग्रेड मूल्य / प्रश्नों की संख्या = 07/3 = 2.33 = B+ ग्रेड (2.33 मूल्य 1.6 से 2.5 के बीच में आता है।)
आ	B+	2	
इ	B	1	
	कुल योग	**07**	

सूचना : ऊपर दिखाये अनुसार प्रत्येक खंड के भागों को ग्रेडिंग प्रदान कर, खंड का कुल ग्रेड निकालें।

विषयवार ग्रेड : ऊपर बताये अनुसार शैक्षिक मापदंड के ग्रेडों को गिनकर प्रगति पत्र (रिपोर्ट कार्ड) में अंकित करना चाहिए। सभी शैक्षिक मापदंडों के ग्रेड मूल्यों को शैक्षिक मापदंडों की संख्या से विभाजित करने पर ''विषयवार ग्रेड'' प्राप्त होता है।

सारांशात्मक परीक्षा (समेटिव टेस्ट) - 2

: प्रश्नवार भार प्रदान तालिका :

कक्षा	I सुनो-बोलो	II पढ़ना	III लिखना	IV शब्द-भंडार	V भाषा की बात	VI प्रशंसा	VII सृ . अ.*	कुल
VI	1	3	5	----	----	----	2	11
VII	1	3	1	2	2	1	1	11
VIII	1	3	1	2	2	1	1	11

* सृजनात्मक अभिव्यक्ति

राजीव विद्‌या मिशन आंध्र प्रदेश
सारांशात्मक परीक्षा (समेटिव टेस्ट) - 2
नमूना आकलन प्रश्न पत्र

छात्र का नाम : | **विषय : हिंदी** | **कक्षा - सातवीं (7)**

क्रम संख्या : | **समय - 2½ घंटे**

शैक्षिक मापदंड	शै.मा. I	शै.मा. II	शै.मा. III	शै.मा. IV	शै.मा. V	शै.मा. VI	शै.मा. VII	कुल श्रेणी (ग्रेड)
श्रेणी (ग्रेड)								

खंड - 1

(अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रश्न 1: पेड़ हमारा सच्चा दोस्त है। कैसे?

प्रश्न 2: हिंदी सीखने से क्या-क्या लाभ हैं?

प्रश्न 3: कुछ त्यौहारों के नाम बताइए। आपको कौन-सा त्यौहार पसंद है? क्यों?

प्रश्न 4: बारिश का पानी कहाँ-कहाँ जाता है और हमारे लिए कैसे उपयोगी हो सकता है?

खंड - 2

(अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़िए। प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य रक्षा के बारे में बताने लगे, ''स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ रहना ज़रूरी है, स्वच्छ रहना माने... हर दिन स्नान करना करना चाहिए। साफ़ कपड़े पहनने चाहिए। नाखून बढ़ने पर उन्हें काटना चाहिए। सर पर तेल लगाकर कंघी करनी चाहिए। भोजन से पहले हाथ धोने चाहिए। नल-कूपों के पास भी सफ़ाई रखनी चाहिए।''

प्रश्न 1: स्वास्थ्य रक्षा के बारे में कौन बात कर रहे हैं?

प्रश्न 2: स्वस्थ रहने के लिए क्या करना चाहिए?

प्रश्न 3: भोजन से पहले क्या करना चाहिए?

प्रश्न 4: नल-कूपों के पास कैसा होना चाहिए?

(आ) निम्नलिखित वाक्य पढ़कर कौन क्या करता है - जोड़ी बनाइए।

सूरज	दूर-दूर तक उड़ती है।
चाँद	मीठे-मीठे गीत सुनाती है।
तितली	आसमान में दौड़ लगाता है।
कोयल	तारों पर अकड़ दिखाता है।

(इ) निम्नलिखित अनुच्छेद के रिक्त स्थानों को कोष्टक में दिये गये उचित शब्दों से भरिए।

(खूब, जब, सोचा, पास)

सेठ पेड़ के .... पहुँचा। उसने पेड़ पर से पहले कभी नारियल नहीं तोड़े थे। सेठ पेड़ पर चढ़ गया। .... सारे नारियल तोड़ लिये, पर .... उतरने के लिए .... तो डरने लगा। इतने ऊँचे पेड़ से कैसे उतरूँ।

खंड - 3

(अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रश्न 1: 'मन करता है' कविता में क्या-क्या बनना चाहता है?

प्रश्न 2: पेड़ ने अमर को शहर जाने में कैसे सहायता की?

प्रश्न 3: खरगोश के पीछे-पीछे कौन भाग रहे थे? क्यों?

प्रश्न 4: दशहरे के दिनों में क्या-क्या होता है?

खंड - 4

(अ) नीचे दिये गये शब्दों को तालिका में छाँटकर लिखिए।

केतली, चम्मच, थाली, जूते, पेंसिल, गिलास, टी.वी., कपड़े, पतंग, किताबें।

रसोईघर में होनी चाहिए	रसोईघर में नहीं होनी चाहिए
....	....
....	....
....	....
....	....
....	....

(आ) निर्देश के अनुसार लिखिए।

1. एक <u>नया</u> शहर आबाद किया। (रेखांकित शब्द का विलोम लिखकर वाक्य फिर से लिखिए।)

....

2. <u>आसमान</u> को छूती मीनारें। (रेखांकित शब्द का पर्याय लिखकर वाक्य फिर से लिखिए।)

....

3. अठारह .... (अंक में लिखिए।)

4. 20 .... (अक्षरों में लिखिए।)

खंड - 5

(अ) नीचे दिये गये वाक्यों में से कोष्टक में दिये गये भाषा भेदों को पहचानकर रेखांकित कीजिए।

1. रमेश कलम से लिखता है। (संज्ञा) : ....

2. हम खेलते हैं। (सर्वनाम) : ....

3. उसका रंग गोरा है। (विशेषण) : ....

4. वे गेंद खेलते हैं। (सर्वनाम) : ....

(आ) नीचे दिये गये वाक्यों में रेखांकित शब्द निर्देश के अनुसार बदलिए।

1. भरत ने <u>पिता</u> जी से प्रश्न पूछा। (रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए।)

2. <u>लड़की</u> गा रही है। (रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए।)

3. <u>पत्ता</u> नीचे गिर रहा है। (रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए।)

4. यह मेरी <u>थैली</u> है। (रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए।)

खंड - 6

(अ) निम्नलिखित में से किसी एक संदर्भ विषय पर अपने विचार लिखिए।

1. आपके मित्र ने स्कूल में कुछ पेड़ लगाए। उस कार्य की प्रशंसा में कुछ वाक्य बताइए।

(अथवा)

2. आपका भाई किसी प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान पाया है। उसकी प्रशंसा में कुछ वाक्य बताइए।

खंड - 7

(अ) कोई कारण बताते हुए कक्षाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए।